राजभाषा के उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद की ओर से

विकास एवं शैक्षिक संचार यूनिट को प्रथम पुरस्कार

विकास एवं शैक्षिक संचार यूनिट को अहमदाबाद नगर में केंद्रीय सरकार के कार्यालयों (100 से कम कर्मचारी संख्या) की श्रेणी में वर्ष 2017-18 के दौरान उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद की ओर से 16 अगस्त, 2018 को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी), पालडी के सभागृह में संपन्न अहमदाबाद नराकास की 72वीं बैठक में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डेकू को लगातार पाँचवी बार प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

श्रीमती आशा अग्रवाल, अध्यक्ष-नराकास एवं प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात, अहमदाबाद के कर-कमलों से निदेशक-डेकू श्री वीरेंद्र कुमार ने पुरस्कार स्वरूप शील्ड एवं प्रमाण-पत्र ग्रहण किया। श्री सोनू जैन, हिंदी अधिकारी/ सचिव, राभाकास, डेकू को भी राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सराहना स्वरूप शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस बैठक में अहमदाबाद नगर में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों तथा सार्वजनिक उपक्रमों/ निगमों के कार्यालय प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी भी उपस्थित थे।


भारत सरकार
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
(प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात कार्यालय, अहमदाबाद)

प्रशस्ति पत्र

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद के स्तर पर वर्ष 2017 -18 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रशस्य कार्यान्वयन के लिए विकास एवं शैक्षिक संचार यूनिट (डेकू) कार्यालय ने *प्रथम पुरस्कार* प्राप्त किया है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

पुरस्कृत कार्यालय के सभी कार्मिकों से यह अपेक्षा है कि वे अपने सरकारी कार्यों में हिन्दी के प्रयोग में उत्तरोत्तर वृद्धि करते रहें।

(ए. के. जायसवाल)
अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात, अहमदाबाद

स्थान : अहमदाबाद
दिनांक : 14.08.2018


भारत सरकार
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
(प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात कार्यालय, अहमदाबाद)

प्रशस्ति पत्र

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद के स्तर पर वर्ष 2017-18 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रशस्य कार्यान्वयन के लिए *विकास एवं शैक्षिक संचार यूनिट (डेकू), अहमदाबाद* कार्यालय ने *प्रथम पुरस्कार* प्राप्त किया है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इस कार्यालय के *श्री सोनू जैन, हिन्दी अधिकारी* को शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

पुरस्कृत अधिकारी से अपेक्षा है कि वे राजभाषा की सर्वतोमुखी प्रगति हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे।

(ए. के. जायसवाल)
अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात, अहमदाबाद

स्थान : अहमदाबाद
दिनांक : 14.08.2018

डेकू कार्यालय को प्रदत्त प्रशस्ति-पत्र हिंदी अधिकारी को प्रदत्त प्रशस्ति-पत्र

नराकास, अहमदाबाद की 72वीं बैठक की झलकियाँ